an>

Title: Need to conduct an inquiry by a high level team against R.K. Mining Company indulging in illegal activities and take back the false court cases against innocent people.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : महोदय, मैं आपके माध्यम से कोल इंडिया के भारत कुकिंग कोल लिमिटेड जो इकाई है, वहां बीसीसीएल क्षेतू के एरिया नम्बर 4 के अंतर्गत आरके माइनिंग कम्पनी द्वारा आउट सोर्सिंग का कार्य सम्पादित किया जा रहा है। कम्पनी द्वारा स्थानीय नागरिक, विस्थापित नौजवानों को बेरोजगारी का दंश झेलना पड़ रहा है। झूठे मुकदमे में उन लोगों को फंसाया जा रहा है तथा पुलिस द्वारा उन्हें प्रताड़ित करने का काम किया जा रहा है। इसी तरह फुलारीटान में मधुकोण नामक संवेदक भी उक्त कार्य को कर रहे हैं, किंतु दोनों ठेकेदारों द्वारा नियमों की खुल्लमखुल्लाह अवेहलना करने की वजह से हैवी ब्लास्टिंग, ओवर रिपोर्टिंग, जल का छिड़काव न करना और वहां के नागरिकों के विरोध के बावजूद उन पर मुकदमा दायर करना तथा दबंगता के साथ उन्हें यह भी कहना कि हम तुम्हें देख लेंगे। महाप्रबंधक से इस विषय पर कई बार बातचीत हुई, शिकायत की गई लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।

मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग करता हूं कि भारत कुकिंग कोल के सीएमडी को कहा जाए कि इस बारे में अविलम्ब कार्यवाही करे।

महोदय, मंत्री जी सदन में बैठे हैं, क्या वे इस बारे में सदन में कुछ कहेंगे?

HON. CHAIRPERSON : This is the 'Zero Hour.'. The Minister will not reply now.

Shri M.K. Raghavan.

...(*Interruptions*)